## ..लय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिलाबून्दी(राज0)

..पत्र संख्या :–221 / 2022

..S NO:- 2022/404 दायर दिनांक: 08.09.2022

..सीन अधिकारी :–शत्रुघ्न सिंह गुर्जर

1. रामावतार आ0 हरचन्दा जाति खाति निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. दशरथ आ0 हरचन्दा जाति खाति निवासी ढाढूण हाल निवासी बून्दी जिला बून्दी।
3. रामराय आ0 हरचन्दा जाति खाति निवासी ढाढूण हाल निवासी बून्दी जिला बून्दी।
4. कमला पत्नी हरचन्दा जाति खाति निवासी ढाढूण तहसील नैनवां जिला बून्दी।

–प्रार्थीगण

बनाम

1. गीता देवी पत्नी विमल कुमार जाति महाजन निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. टीकम जैन आ0विमल कुमार जाति महाजन निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
3. मोहनलाल आ0 विमल कुमार जाति महाजन निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
4. लेखराज आ0 विमल कुमार जाति महाजन निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
5. नुरका बाई पत्नी कल्याण जाति खाती निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
6. मुकेश कुमार आ0 गोपाल जाति खाती निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
7. विनोद कुमार आ0 गोपाल जाति खाती निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
8. रामभरोसी बाई पुत्री गोपाल जाति खाती निवासी ढाढूण हाल निवासी ग्राम देई तहसील नैनवां जिला बून्दी।
9. राजस्थान सरकार भू–स्वामी जर्ये तहसीलदार साहब नैनवां जिला बून्दी।

––प्रत्यार्थीगण

**वाद पत्रः– अंतर्गत धारा 251 ए आर.टी एक्ट**

उपस्थिति–

प्रार्थीगण की ओर से वकील श्री महावीर कारपेन्टर।

अप्रार्थीगण की ओर से वकील श्री रमेश कहार। **निर्णय दिनांक 03.10.2023**

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम ढाढूण पटवार मण्डल मोडसा तहसील नैनवां में जमाबंदी सम्वत् 2073–76 के खाता संख्या 63 पुराना 63 नया के अनुसार कृषि भूमि खसरा संख्या 724,725,731,732,753 कुल किता 5 कुल रकबा 14 बीघा 8 बिस्वा भूमि प्रार्थीगण को आपसी सहमति विभाजन मे प्राप्त हुई थी। जिस पर प्रार्थीगण काविज काश्त है। यह कि प्रार्थी की भूमि में जाने का रास्ता पूर्वजों के समय से ग्राम चन्दनपुरा से ढाढूण जाने वाली आम सडक में से होकर दक्षिण से उत्तर की ओर कृषि भूमि खसरा संख्या 745,734,723,733,725 के बीच स्थित मेड के सहारे सहारे उत्तरी दिशा की तरफ स्थित खसरा संख्या 724 तक पहुंचता है जो कदीमी रास्ता है। सि पर नरेगा योजनान्तर्गत झीकरा डालकर ग्रेवल रास्ता खसरा संख्या 74, 734 व 733 तक की मेड में बना हुआ हैं। यह कि उक्त रास्ता राजस्व नक्शे में अंकित नही होने के कारण अप्रार्थीगण उक्त रास्ते में डाल रखें झीगरे को उठाकर रास्ते की जगह को हांक कर उक्त रास्ते की जगह को फाडकर बन्द करना चाहते है।यह कि उक्त रास्ते के अलावा प्रार्थी के खाते की जमीन पर आने जाने का अन्य कोई रास्ता नहीं है। ... भूमि पर आने जाने व कृषि उपज लाने ले जाने के लिए 12 फिट चौडा रास्त... ना आवश्यक है। जिसकी राशि प्रार्थीगण नियमानुसार जमा करवा... पत्र के समर्थन में परिशिष्ट अ ,नकल जमाबंदी, नकल ... शपथ... आदि पेश किये।

अप्रार्थीगण ने अपने जवाब ... कि मौके पर रास्ता मौके ... गीता बाई के खातेदारी के खेत में से होकर निकला हुआ ... जो अप्रार्थीया का निजी है ... रास्ता जवाब प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न नक्शा परिशिष्ट अ में लाल रंग से प्रदर्शित है। प्रार्थीगण ने जानबूझकर उक्त रास्ते के अस्तित्व में होते हुए भी अतिरिक्त एक नवीन रास्ता दुर्भावना पूर्वक दूषित मानसिकता से अप्रार्थी गीता देवी के खेत में कायम कर गीता देवी को क्षति कारित करने के आशय से विचाराधीन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जो पोषनीय नही है खारिज होने योग्य है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.11.08 16:04:45 IST
Reason: SelfAttested

रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध में तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट दिनांक 14.12.2020 प्राप्त की जिसके अनुसार प्रार्थना पत्र में वर्णित खसरा नम्बरान से मौके पर लगभग 7–8 फिट चौडा ख0सं0 745, 751 में से मौके पर बने हुए खाली के सहारे वैकल्पिक रूप से निकाला हुआ है। ख0नं0 723 की दक्षिणी मेड के सहारे होता हुआ प्रार्थीगण की शामलाती खातेदारी भूमि पर जाता है। वैकल्पिक रास्ता खसरा सं. 734 की दक्षिणी पश्चिमी मेड के सहारे स्थित खाल के सहारे–2 निकल रहा है। प्रस्तावित रास्ते की रिकार्ड की स्थिति निम्नानुसार होगी–

| खसरा संख्या | लम्बाईx चौडाई | वर्गफिट क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. 734 | 421 X 13 | 5473 |
| 2. 745 | 330 X 13 | 4290 |

पत्रावली प्रशासन गांवों के संग अभियान केम्प कोर्ट मोडसा में दिनांक 01.11.2021 को पेश हुई। जिसमें ग्राम ढाढूण पटवार मण्डल मोडसा तहसील नैनवां में जमाबंदी सम्वत् 2073–76 के खाता संख्या 63 पुराना 63 नया के अनुसार कृषि भूमि खसरा संख्या 724,725,731,732,753 कुल किता 5 कुल रकबा 14 बीघा 8 बिस्वा भूमि पर पहुंचने के लिए निम्नानुसार रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये गए–

| खसरा संख्या | लम्बाईx चौडाई | वर्गफिट क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. 734 | 421 X 13 | 5473 |
| 2. 745 | 330 X 13 | 4290 |

माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी महोदय कोटा के निर्णय दिनांक 29.07.2022 द्वारा इस न्यायालय के निर्णय दिनांक 01.11.2021 को निरस्त कर पत्रावली में अप्रार्थीगण /अपीलान्टगण को सुनवाई का अवसर प्रदान कर पुनः निर्णय पारित करने के निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित की गई। माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी महोदय कोटा के आदेश की अनुपालना में पत्रावली पुनः दर्ज रजिस्टर की गई।

उभयपक्षकारान को सुनवाई हेतु समुचित अवसर प्रदान किया गया। उभयपक्षकारान के अभिभाषकगण की बहस वास्ते तहसीलदार नैनवां से पुनः रिपोर्ट लिये जाने बाबत् सुनी गई। नायब तहसीलदार देई से रिपोर्ट दिनांक 26.12.2022 प्राप्त हुई। रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी की खातेदारी भूमि खसरा सं0 725 तक आवागमन हेतु मौके पर खसरा सं0 734 की पश्चिम दिशा में नाला निकला हुआ है जिसके सहारे–सहारे रास्ता बना हुआ है। जो खसरा सं0 723 की पश्चिमी मेड से होकर खानिका देवपुरा बांध तक जाता है। खसरा सं0 723 भी प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी भूमि है, जिसकी दक्षिणी मेड में से होकर अपनी भूमि खसरा सं0 725 तक पहुंच सकता है। अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। उक्त वैकल्पिक रास्ता सकडा लगभग 6–7 फिट व उबड–खाबड होने बडे साधन यथा ट्रेक्टर ट्रोली को आसानी से निकलना संभव नही है।

हमने प्रार्थना–पत्र, शपथ–पत्र, प्रस्तुत रिकार्ड दस्तावेज एव नायब तहसीलदार देई की रिपोर्ट का अवलोकन किया। बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। वकील उभयपक्षकारान ने अपने कथनों के समर्थन में विभिन्न न्यायिक दृष्टान्त पेश किये। प्रार्थना पत्र में बहस में उभयपक्षकारान द्वारा दिये गए तर्कों पर मनन किया। प्रकरण में नायब तहसीलदार देई से प्राप्त रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मौके पर मौजूद वैकल्पिक रास्ता सुगम नही है तथा कृषि कार्य हेतु संसाधनों के आवागमन हेतु पर्याप्त नही है। अतः न्यायालय तहसीलदार नैनवां की रिपोर्ट दिनांक 14.12.2020 में प्रस्तावित नवीन रास्ते को कायम किया जाना उचित समझता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। ग्राम ढाढूण पटवार मण्डल मोडसा तहसील नैनवां में जमाबंदी सम्वत् 2073–76 के खाता संख्या 63 पुराना 63 नया के अनुसार कृषि भूमि खसरा संख्या 724,725,731,732,753 कुल किता 5 कुल रकबा 14 बीघा 8 बिस्वा भूमि पर पहुंचने के लिए निम्नानुसार रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते हैं–

| खसरा संख्या | लम्बाईx चौडाई | वर्गफिट क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1. 734 | 421 X 13 | 5473 |
| 2. 745 | 330 X 13 | 4290 |

प्रस्तावित रास्ता, जिसे परिशिष्ट 'A' में लाल स्याही से अंकित किया गया है, जो न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा, के अनुसार रास्ता रिकार्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। जितनी भूमि रास्ते के उपयोग में आयेगी उसकी कीमत का नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरान्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किया जाकर मौके पर रास्ता बहाल करने के आदेश तहसीलदार नैनवां को दिये जाते है।


निर्णय आज दिनांक 03.10.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.11.08 16:04:45 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

नक्शा ट्रेस किश्तवार मौजा - दाडुग तहसील नैनवां जिला - बून्दी
1 इंच = 2 जरीब

परिशिष्ट "A"




पटवारी
पटवार मण्डल........
तह. नैनवां जिला (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.11.08 16:04:45 IST
Reason: SelfAttested